IT&C-cell

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (NTSE) (प्रथम स्तर) परीक्षा–2017–18 हेतु आनलाईन आवेदन सम्बंधी निर्देश

क्रमांक:सैल–8 / NTSE / 2017–18 / 16 दिनांक : 06.09.2017

राजस्थान में कक्षा–10 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (प्रथम स्तर) (NATIONAL TALENT SEARCH EXAMINATION) (FIRST LEVEL) परीक्षा 2017–18 का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली के गाईडलाईन के आधार पर रविवार **दिनांक 05 नवम्बर, 2017** को प्रातः 9 बजे से 01.00 बजे तक राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर स्थित परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा के निर्देश, नियम एवं पाठ्यक्रम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in तथा NCERT नई दिल्ली की वेबसाईट www.ncert.nic.in पर उपलब्ध है। इस परीक्षा में मान्यता प्राप्त सभी (केन्द्रीय, पब्लिक, नवोदय, कॉन्वेंट, निजी, सरकारी, अर्द्धसरकारी सहित) विद्यालयों के सत्र 2017–18 में कक्षा 10 में नियमित रूप से अध्ययनरत वे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने कक्षा 9 में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं तृतीय भाषा विषयों में समग्र रूप से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों। आरक्षित वर्ग (अजा/अजजा एवं दिव्यांग) परीक्षार्थियों हेतु न्यूनतम अंकों की सीमा 50 प्रतिशत होगी। राज्य में प्रथम स्तर पर जिन अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। उनकी द्वितीय स्तर की परीक्षा NCERT नई दिल्ली द्वारा ली जायेगी। अभ्यर्थियो द्वारा परीक्षा के आवेदन पत्र भरते समय उनके धर का पूरा पता, ई–मेल आई.डी. व मोबाईल नं आवेदन पत्र मे अनिवार्य रूप से अंकित करना है।

यह परीक्षा एक ही दिन में निरन्तर तीन सत्रों में ली जायेगी तथा प्रत्येक सत्र पश्चात् 15 मिनट का अन्तराल रहेगा। प्रथम सत्र बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) जिसमें 50 प्रश्न होगे जिन्हें 45 मिनट में हल करना होगा। द्वितीय सत्र भाषा परीक्षा (LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST) का होगा जिसमें 50 प्रश्न होगे जिन्हें 45 मिनट में हल करना होगा। तृतीय सत्र शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) का होगा जिसमें 100 प्रश्न होंगे जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा। सभी प्रश्नों के लिये 1 अंक निर्धारित है। शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) में 100 प्रश्नों का विषयवार विभाजन इस प्रकार रहेगा– विज्ञान–40, सामाजिक विज्ञान–40, गणित–20.

आवेदन करने की तिथियाँ :–

परीक्षा शुल्क	विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने एवं बैक घालान मुद्रण की अंतिम तिथि	मुद्रित चालान द्वारा बैंक मे शुल्क जमा करानें की अंतिम तिथि	विद्यालयों द्वारा बोर्ड को आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी तथा परीक्षा शुल्क का बैंक चालान, नामावली भिजवाने की अंतिम तिथि
बिना विलम्ब शुल्क	मंगलवार , 26 सितम्बर 2017	शनिवार , 30 सितम्बर 2017	गुरूवार , 12 अक्टूबर 2017
विलम्ब शुल्क सहित	मंगलवार , 3 अक्टूबर 2017	शनिवार , 7 अक्टूबर 2017	

परीक्षा शुल्क :–

परीक्षार्थी की श्रेणी	बिना विलम्ब शुल्क	विलम्ब शुल्क सहित
(1) सामान्य	200/–	250/–
(2) अनु.जाति/अनु.जनजाति/दिव्यांग	140/–	180/–

उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क रूपये 10/– प्रति परीक्षार्थी अलग से देना होगा।

आवेदन की प्रक्रिया :–

आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रधान की होगी। बोर्ड द्वारा वर्ष 2017 परीक्षा हेतु आवंटित Login ID तथा Password के आधार पर शालाओं को ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाने है। अन्य बोर्ड से संबंधित विद्यालय बोर्ड कार्यालय से Login ID तथा Password प्राप्त कर आनलाईन आवेदन पत्र भराने की कार्यवाही करें। आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् अप्रूव्ड आवेदन पत्र मय जमा शुल्क चालान की प्रतियों एवं सूची सहित निर्धारित तिथियों को स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड को भेजना अतिआवश्यक हैं। **आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति आवश्यक रूप से सलंग्न कर प्रेषित की जानी है अन्यथा प्रमाण पत्र के अभाव में छात्र को तदनुसार परिलाभ देय नही होगा।** परीक्षार्थियों द्वारा सीधे बोर्ड कार्यालय को भेजे गये आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क स्वीकार नही किये जायेगे।

बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है। फैक्स नं. 0145–2632869 है।

ई मेल–ntsestse@gmail.com

सचिव